उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 37/2936/71-1-2014-ग-86/2000
लखनऊ : दिनांक 30 अक्टूबर 2014
कार्यालय-ज्ञाप

डा0 राजेन्द्र चौधरी, एम0डी0 (मेडिसिन), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मछली गांव, गोरखपुर को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर में प्रवक्ता, मेडिसिन के पद पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-373/71-1-01-ग-86/2000, दिनॉक 03-02-2001 द्वारा 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए, तैनात किया गया था। मेडिकल कालेज, गोरखपुर में चिकित्सा शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत सेवा स्थानान्तरण अवधि समय-समय पर बढ़ायी जाती रही है। अन्तिम बार डा0 राजेन्द्र चौधरी की सेवा स्थानान्तरण अवधि कार्यालय ज्ञाप संख्या-2158/71-1-13-ग-86/2000, दिनॉक 19-09-2013 द्वारा एक वर्ष तक के लिए बढ़ायी गयी थी। उक्त अवधि दिनॉक 28-10-2014 को समाप्त हो गयी है। डा0 राजेन्द्र चौधरी को कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 29-10-009 द्वारा सहआचार्य के रूप में पदनामित किया गया है

2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एम0ई0-2/2014/2714, दिनॉक 09-10-2014 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय मेडिकल कालेज, गोरखपुर के मेडिसिन विभाग में सहआचार्य के पद पर कार्यरत डा0 राजेन्द्र चौधरी की सेवा स्थानान्तरण अवधि दिनॉक 28-10-2014 के पश्चात् 01 वर्ष अथवा नियमित चिकित्सा शिक्षक उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए बढ़ाये जाने की एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

संजय कुमार उपाध्याय
संयुक्त सचिव।

संख्या:- 37/2936(1)/71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
5- वित्त नियंत्रक, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
6- मुख्य चिकित्साधिकारी, गोरखपुर।
7- कोषाधिकारी, गोरखपुर।
8- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
9- चिकित्सा अनुभाग-3/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in